# 60 उद्योगों का दोबारा निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, बिलासपुर : छत्तीसगढ़ में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य शासन द्वारा दायर जवाब को असंतोषजनक मानते हुए निर्देश दिया है कि प्रदेश के सभी 60 औद्योगिक इकाइयों का दोबारा निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए।